# विरोध को अनसुना कर गाजा को रौंद रहा इजरायल

## बीते 24 घंटों में हमास के 450 ठिकानों को बनाया निशाना

युद्ध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

यरुशलम। विश्व भर में हो रहे विरोध प्रदर्शनों और संघर्षविराम की मांग को अनसुना करते हुए गाजा पट्टी में इजरायल की सैन्य कार्रवाई का दायरा और तीव्रता बढ़ती जा रही है। युद्ध के दूसरे चरण का एलान करते हुए इजरायली सेना ने गाजा में पूरी रात बड़े जमीनी और हवाई हमले किए। इन हमलों में हमास के 450 ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया गया है। इन ठिकानों में बड़ी संख्या में भूमिगत ठिकाने–सुरंगें हैं। युद्ध के 24 वें दिन गाजा में मरने वालों की संख्या आठ हजार का आंकड़ा पार कर गई, जबकि 20 हजार लोग घायल हुए हैं। मृतकों और घायलों में बड़ी संख्या बच्चों और महिलाओं की है।




हमास के लड़ाकों ने गाजा पट्टी में घुसे दो इजरायली टैंकों को बर्बाद करने का दावा किया है। हमास भी इजरायल की राजधानी तेल अवीव और देश के मध्य भाग पर लगातार रॉकेट हमले कर रहा है, लेकिन इजरायली एयर डिफेंस सिस्टम ज्यादातर हमलों को नाकाम कर रहे हैं। हिजबुल्ला के दागे दो रॉकेट लेबनान सीमा के निकट बसे किरयात शमोना शहर की दो इमारतों से टकराए हैं। इससे दोनों इमारतों को नुकसान हुआ है। वहां पर किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। हिजबुल्ला ने एक इजरायली ड्रोन को भी मार गिराने का दावा किया है। लेबनान से लगने वाली सीमा पर इजरायली सेना और हिजबुल्ला के बीच लड़ाई जारी है। इजरायली सेनाओं के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने बताया है कि हम अपनी कार्रवाई का दायरा बढ़ाते जा रहे हैं। हम अपने देश की सुरक्षा के लिए धरती, आकाश और समुद्र के जरिये हर जरूरी कार्रवाई करेंगे। हम निश्चित रूप से युद्ध के उद्देश्यों को प्राप्त करेंगे।

फलस्तीनियों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं संचालित करने वाली संस्था रेड क्रीसेंट से इजरायली सेना ने गाजा के अल–कुद्स अस्पताल को तत्काल खाली करने के लिए कहा है। अस्पताल से 50 मीटर दूर कार्रवाई करने के बाद सेना ने यह आदेश दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मरीजों के स्थानांतरण को गंभीर चिंता वाला मसला बताया है। इस बीच गाजा में भंग टेलीफोन और इंटरनेट सेवाएं रविवार को आंशिक रूप से बहाल हो गईं। इसके चलते गाजा की तस्वीरें और सूचनाएं बाहरी दुनिया को प्राप्त होने लगीं। खाद्य सामग्री, पानी और दवाओं के लिए तरस रहे हजारों गाजावासी रविवार को क्षेत्र में बने संयुक्त राष्ट्र के भंडार गृहों और वितरण केंद्रों पर टूट पड़े। वहां पर उन्होंने जरूरी सामान की छीना–झपटी की।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने देशवासियों से लंबी और मुश्किल लड़ाई के लिए तैयार रहने को कहा है। उन्होंने कहा है कि हमारा लक्ष्य हमास को खत्म करना है। इससे पहले नेतन्याहू ने सात अक्टूबर के हमले के लिए सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों को जिम्मेदार ठहराया था, लेकिन विरोध के स्वर उठने पर उन्होंने इस आशय का अपना एक्सश मैसेज डिलीट किया और खेद जताया।

## न्यूज डायरी



### हैलोवीन पार्टी के दौरान हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** फ्लोरिडा। फ्लोरिडा के टाम्पा शहर में पुलिस ने दो लोगों की हत्या करने के संदेह में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को हैलोवीन मनाने के दौरान इस शख्स ने बार और क्लबों के आसपास अराजकता फैला दी थी। पुलिस ने बताया कि उस दौरान सोलह लोग घायल हो गए, जिसमें से एक व्यक्ति को गोली भी लग गई। पुलिस ने कहा कि 22 वर्षीय टायरेल स्टीफन फिलिप्स पर यबोर के टाम्पा में दो समूहों के बीच सुबह–सुबह हुई झड़प के बाद 14 वर्षीय लड़के और 20 वर्षीय व्यक्ति की गोली लगने से हुई मौत के मामले में हत्या का आरोप लगाया गया था। दरअसल, हेलोवीन–थीम पार्टी खत्म होने के बाद अचानक लोग सड़क पर इकट्ठा हो गए और गोलियों की आवाज सुनकर छिपने की कोशिश करने लगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो सामने आया है। इसमें लोगों में अफरातफरी मची हुई थी और लोग अंधेरे में भाग रहे थे और वहां लगभग 12–13 गोलियां भी चलाई गईं। कुछ फुटेज में, पुलिस अधिकारी खून में लथपथ लोगों की मदद करने के लिए भागते हुए नजर आ रहे हैं। पुलिस ने एक बयान में कहा कि दो लोगों की मौत हो गई और 16 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से 15 लोगों को गोली लगी है। पुलिस ने कहा कि घायलों में 18 से 27 वर्ष के बीच के लोग हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है।

### रूस में इजरायलियों की तलाश में भीड़ ने अल्लाह हू अकबर के नारे के साथ बोला धावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस में एक चौंकाने वाली घटना हुई है। यहां के दागेस्तान में उस समय एयरपोर्ट को बंद करना पड़ गया जब भीड़ इजरालियों को तलाशने के मकसद से पागलों की तरह यहां रनवे पर दाखिल हो गई और उसने प्लेन को भी घेर लिया। दरअसल यहां पर इजरायल से आए एक प्लेन की लैंडिंग हुई थी जिसमें इजरायली नागरिक सवार था। एयरपोर्ट को कई फ्लाइट्स को दूसरी दिशा की तरफ रवाना करना पड़ा और इसे कई अस्थ्थायी तौर पर बंद करना पड़ गया। वहीं, क्रेमलिन ने अभी तक घटनाओं पर कोई टिप्पणी नहीं की है। रूस की सरकारी एविएशन एजेंसी रोसाविात्सिया ने इस घटना पर बयान दिया है। एजेंसी ने कहा, श्मखाचकाला एयरपोर्ट ट्रैफिक एरिया में अज्ञात लोगों के प्रवेश के बाद, हवाई अड्डे की तरफ आने वाली और यहां से टेक ऑफ करने वाली फ्लाइट्स के लिए इसे अस्थायी रूप से बंद करने का फैसला किया गया है। एजेंसी ने बताया है कि एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी फोर्सेज पहुंच गई हैं। वहीं दूसरी ओर रूस की सरकारी मीडिया इजवेस्टिया और आरटी ने बताया है कि लोगों को इस बात की भनक लग गई थी कि इजरायल से एक व्यक्ति आया है।

### अपने बच्चों से मिलने पाकिस्तान से भारत लौटेगी अंजू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेशावर। अपने फेसबुक फ्रेंड से शादी करने के लिए पाकिस्तान जाने वाली अंजू थामस उर्फ फातिमा पाकिस्तानी सरकार से मंजूरी मिलने के बाद अपने बच्चों से मिलने के लिए भारत लौटेगी। उसके पाकिस्तानी पति नसरुल्लाह ने बताया कि वह अपने दोनों बच्चों से मिलने के बाद पाकिस्तान वापस लौट आएगी। इस्लाम कुबूल कर नसरुल्लाह से शादी करने के बाद विगत अगस्त में पाकिस्तान ने अंजू का वीजा एक साल के लिए बढ़ा दिया था, लेकिन अंजू के पाकिस्तानी पति का कहना है कि वह इस्लामाबाद के आंतरिक मंत्रालय से एनओसी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। एनओसी मिलने की प्रक्रिया थोड़ी लंबी है और इसमें समय लगता है। वाघा सीमा के पार आने–जाने के लिए जैसे ही दस्तावेज बनकर तैयार हो जाएंगे, अंजू भारत जाएगी। वह वहां अपने बच्चों से मिलने के बाद पाकिस्तान लौट आएगी। पिछले महीने नसरुल्लाह ने कहा था कि अंजू अपने दोनों बच्चों को बहुत बुरी तरह से मिस कर रही है और उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उल्लेखनीय है कि अंजू ने 25 जुलाई को 29 वर्षीय फेसबुक फ्रेंड नसरुल्लाह से निकाह कर लिया था। बता दें कि नसरुल्लाह पाकिस्तान के प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के अपर दिर जिले में रहता है। अंजू पहले से शादीशुदा थी और अपने पति अरविंद के साथ राजस्थान में रहती थी।

## गाजा में जमीनी हमलों में हो आतंकियों और नागरिकों की पहचान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बार फिर इजरायल को बड़ा संदेश दिया है। बाइडन ने कहा है कि इजरायल को गाजा के आम नागरिकों की रक्षा करनी होगी। उन्होंने गाजा को दी जाने वाली मदद में महत्वपूर्ण इजाफे का ऐलान किया है। पिछले दिनों अमेरिका की तरफ से गाजा को 100 मिलियन डॉलर का ऐलान किया गया है। इजरायली सेना की तरफ से कहा गया है कि वह गाजा पट्टी में अपने जमीनी हमले के साथ तेज हवाई हमले करके आक्रमण बढ़ा रही है। सात अक्टूबर को हमास की तरफ से इजरायल पर अचानक हमला कर दिया गया था। इसके बाद से ही दोनों तरफ युद्ध छिड़ा हुआ है। अब तक करीब नौ हजार लोगों की मौत हो गई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की है। उन्होंने नेतन्याहू से अपील की है कि इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) को गाजा में आम नागरिकों को निशाना बनाने से बचना होगा। स्वास्थ्य अधिकारियों की तरफ से कहा गया है कि हमास के नियंत्रण वाली सीमा में तीन हफ्तों के अंदर आठ हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में आधे बच्चे हैं।



लंदन में दिवाली उत्सव का आयोजन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। लंदन के मेयर सादिक खान ने ट्राफलगर स्क्वायर में वार्षिक दिवाली उत्सव का आयोजन किया। दोपहर एक बजे से शाम सात बजे तक चले इस कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों ने हिंदू, सिख और जैन समुदायों के परफार्मेंस, योग वर्कशॉप और कठपुतली शो का आनंद लिया। मेयर सादिक खान के द्वारा आयोजित इस आयोजन में न केवल लंदन, बल्कि ब्रिटेन के विभिन्न हिस्सों से सभी पृष्ठभूमि के लोग शामिल हुए। जेम्स नाम के स्थानीय व्यक्ति, जो पेश से शिक्षक भी हैं, ने पहली बार दिवाली मनाई। उन्होंने इसे बिल्कुल अविश्वसनीय बताया। दिवाली समारोह में कलाकारों ने जय हो और जो है अलबेला जैसे बॉलावुड गानों पर डांस भी किया।

## पाकिस्तान के चर्चित मौलाना तारिक जमील के बेटे की गोली लगने से मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लाहौर। पाकिस्तान के चर्चित मौलाना और तब्लीगी जमात के नेता तारिक जमील के बेटे आसिम जमील की गोली लगने से मौत हो गई है। पंजाब के तलम्बा में तारिक जमील के घर पर ही आसिम को गोली लगी, जिसके बाद उनको अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। रविवार रात करीब साढ़े 10 बजे तारिक जमील ने ट्वीट करते हुए बेटे की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने लिखा कि तलम्बा में मेरे बेटे आसिम जमील की मौत हो गई है। इस हादसे ने पूरे माहौल को गमगीन कर दिया है। सभी से गुजारिश है कि हमें अपनी दुआओं में याद रखें।

पुलिस की शुरुआती जांच में 30

### गार्ड से गन छीनकर खुद को मारी गोली

साल के आसिम जमील की मौत की वजह आत्महत्या बताई गई है। मियां छन्नू के डीएसपी मोहम्मद सलीम ने पाकिस्तान के अखबार डॉन से बताया कि शनिवार रात आसिम को गोली लगने की जानकारी मिली। परिवार और पुलिस के लोग आसिम को घायल हालत में तलम्बा हेल्थ सेंटर ले गए। जहां डॉक्टरों ने आसिम को मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद शव को परिवार को सौंप दिया। स्थानीय मीडियो रिपोर्ट के मुताबिक आसिम लंबे समय से मानसिक बीमारी से जूझ रहे थे। उनका कुछ समय पहले तलाक भी हो गया था, जिसके बाद वो काफी परेशान थे।

मुल्तान क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी सोहेल चौधरी ने कहा कि आसिम ने अपने घर के जिम में खुद को गोली मारी है। चौधरी के मुताबिक, आसिम अपने घर पर ही बने जिम में एक्सरसाइज के लिए गए थे। इसी दौरान उन्होंने गार्ड से पिस्तौल छीनकर खुद के सीने में गोली मार ली। पुलिस ने घटना का सीसीटीवी फुटेज भी हासिल कर लिया है। वीडियो में आसिम को खुद को गोली मारते देखा जा सकता है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। जिसके बाद मौत से जुड़ी बाकी चीजें साफ हो सकेंगी। चौधरी के मुताबिक, परिवार ने भी आसिम के आत्महत्या करने की बात कही है।

### ओमान में शूरा सदस्यों के चयन को पहली बार हुई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मस्कट। ओमान सल्तनत में 7.53 लाख मतदाताओं ने रविवार को मजलिस ए शूरा के 10वें कार्यकाल के लिए सदस्यों के चुनाव के लिए पहली बार इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पुरानी मतपेटी मतदान प्रक्रिया को छोड़कर ओमान सल्तनत ने शूरा परिषद के 10वें कार्यकाल की सदस्यता के लिए अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करने में समय बचाने के साथ–साथ अपने नागरिकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए नई पूर्ण इलेक्ट्रानिक पहल को अपनाया। मतदान प्रक्रिया उच्च स्तरीय इलेक्ट्रानिक तकनीक का उपयोग कर सुबह आठ बजे शुरू होकर शाम सात बजे समाप्त हुई। ओमान के आंतरिक मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, चुनावी रजिस्टर में नामांकित 7.53 लाख मतदाताओं ने शूरा परिषद के सदस्यों को चुनने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल मतदाताओं में 3.90 लाख पुरुष मतदाता (51.86 प्रतिशत) और 3.62 लाख महिला मतदाता (48.14 प्रतिशत) शामिल हैं।